आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

दीपावली

प्रकाश का पर्व दीपावली आज देश सहित पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व पर लोग धन की देवी लक्ष्मी की पूजा–अर्चना करते हैं। दीपावली के चलते देश भर में अलग–अलग स्थानों में शहरों की सड़कों और बाजारों को रंग–बिरंगी लड़ियों और फूलों से सजाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कामना की है कि यह पर्व सभी नागरिकों के जीवन को सद्भावना, प्रसन्नता और समृद्धि के प्रकाश से जगमगाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों से त्यौहार के इस सीज़न में एक सौ 40 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार का जश्न मनाने के लिए भारतीय उत्पाद खरीदने का आह्वान किया है। माई गॉव इंडिया के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में, प्रधानमंत्री ने भारतीय उत्पाद खरीदने पर ज़ोर देते हुए कहा है कि– गर्व से कहो यह स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया है कि वे जो कुछ भी खरीदें, उसे सोशल मीडिया पर साझा करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह लोग दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

शिमला पटाखे

शिमला ज़िले में दिवाली के दौरान पटाखे चलाने का समय रात 8 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस दौरान केवल हरित पटाखों के उपयोग की ही अनुमति होगी। इस बीच प्रशासन की ओर से शिमला शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री के लिए चयनित स्थानों में लगे स्टालों पर लोग पटाखों की खूब खरीददारी कर रहे है। पटाखों के बिक्रेताओं का कहना है कि लोग ग्रीन पटाखों की भी खूब खरीददारी कर रहे हैं।

जीएसटी–स्वास्थ्य क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और 22 सितंबर को शुरू किए गए जी.एस.टी. बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। आज इस श्रृंखला में पेश है देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जी.एस.टी. सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

*नए जीएसटी सुधारों में दवाओं तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधित उत्पादों को अधिक किफायती बनाकर देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत कर दिया है। कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया गया है। इसी तरह गॉज, पट्टियां, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और थर्मामीटर जैसे चिकित्सा उपकरण जिन पर पहले 12: कर लगता था अब सिर्फ 5: कर लग रहा है। इन जीएसटी सुधारों के*

*तहत सरकार ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर पूरी तरह से माफ कर दिया है। जो पहले 18: कर स्लैब का हिस्सा थे। इस कदम से कुल प्रीमियम लागत कम हो गई है जिससे नागरिक बीमा लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर नई जीएसटी दरें स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बना रही है और इस क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है जिससे अब लोगों का इलाज सस्ता होगा।*

## ऑस्टियो–पोरोसिस दिवस

आज विश्व ऑस्टियो–पोरोसिस दिवस है। आयुष मंत्रालय ने ऑस्टियो–पोरोसिस–हड्डी रोग से बचाव के लिए लोगों, विशेषकर वृद्धजनों और रजोनिवृति के बाद महिलाओं से संतुलित पोषण और हल्का शारीरिक व्यायाम जैसे आयुर्वेदिक उपाय अपनाने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने कहा है कि दैनिक जीवन में ये समग्र उपाय अपनाने से प्रत्येक व्यक्ति अपनी हडिडयों को मजबूत कर सकता है और इनके टूटने का जोखिम घटा सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि ऑस्टियो–पोरोसिस से बचाव के लिए शुरूआत में ही जीवनशैली में बदलाव और देखभाल आवश्यक है।

## प्रदर्शनी

चंबा में कुल्लू के सर्वश्रेष्ठ बुनकरों द्वारा प्रदर्शनी व मेले का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में शॉल, टोपियाँ, बास्केट, गर्म कढ़ाई वाले सूट आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस प्रदर्शनी व मेले में लोग बढ़–चढ़ कर खरीददारी कर रहे हैं। कुल्लू से आए राम ठाकुर ने बताया कि इस प्रदर्शनी में कुल्लू के बुनकरों द्वारा तैयार उत्पाद रखे गए हैं जो आम जगह नहीं मिलते।

## स्वरोजगार योजना

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना ने युवाओं को आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आजीविका की दिशा में नई राह दिखाई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह योजना न केवल बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है बल्कि उन्हें नई तकनीकों और पर्यावरण के अनुकूल व्यवसायों की ओर भी प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत युवाओं को ई–टैक्सी खरीदने पर 50 प्रतिशत सब्सिडी और 40 प्रतिशत बैंक ऋण की सुविधा दी जाती है। उन्होंने कहा कि ई–टैक्सी परमिट प्राप्त करने वाले युवाओं को सरकार द्वारा निश्चित आमदनी की गारंटी भी प्रदान की जा रही है।

.............................................................................................